**इलेक्ट्रॉनिक्स तथा रडार विकास स्थापना (LRDE)**
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO), रक्षा मंत्रालय
सी.वी. रमन नगर, बेंगलुरु - 560 093

LRDE: विज्ञापन संख्या 03/2026/JRF

**जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF)-2026 के लिए वॉक-इन भर्ती का विज्ञापन**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना (LRDE), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, भारत सरकार के अंतर्गत स्थापित अनुसंधान एवं विकास स्थापना में से एक है। यह स्थापना रडार एवं संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्य करता है।

LRDE उन युवा एवं मेधावी भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में रडार से संबंधित अनुसंधान कार्य करना चाहते हैं और नीचे दी गई योग्यताएँ रखते हैं।रिक्तियों एवं शैक्षणिक योग्यता का विवरण निम्न प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **विषय/अनुशासन** | **रिक्तियों की संख्या** | **शैक्षणिक योग्यता** | **आवश्यक योग्यता के लिए स्वीकार्य समकक्ष विषय** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ECE) | 2 (दो) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में प्रोफेशनल कोर्स की स्नातक डिग्री (B.E./B.Tech) प्रथम श्रेणी में तथा वैध कट-ऑफ GATE स्कोर। GATE वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 मान्य हैं।<br>**या**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में प्रोफेशनल कोर्स की स्नातकोत्तर डिग्री (M.E./M.Tech), जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी हो। | 1. इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>2. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग<br>3. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग<br>4. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग<br>5. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी<br>6. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन सिस्टम इंजीनियरिंग<br>7. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग<br>8. कोई अन्य संबंधित अनुशासन, जिसमें योग्यता प्रदान करने वाली डिग्री में **"इलेक्ट्रॉनिक्स"** मुख्य विषय/अनुशासन के रूप में उल्लिखित हो। |

**चयन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी**

**फेलोशिप स्टाइपेंड:** भारत सरकार के नियमों के अनुसार, वर्तमान में **₹37,000/- प्रति माह**, साथ में नियमानुसार देय मकानकिरायाभत्ता **हाउस रेंट अलाउंस (HRA)**।

**अधिकतम आयु सीमा:** JRF के लिए **01 सितंबर 2026 को अधिकतम आयु 28 वर्ष** होनी चाहिए।

अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**कार्यकाल:** प्रारंभिक नियुक्ति/फेलोशिप की अवधि **2 वर्ष** होगी, जिसे DRDO की रिसर्च फेलो योजना के प्रावधानों के अनुसार अधिकतम **4 वर्ष** तक बढ़ाया जा सकता है।

**राष्ट्रीयता:** केवल **भारतीय नागरिक** ही आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन प्रक्रिया:** पात्र उम्मीदवार, जो वॉक-इन इंटरव्यू में शामिल होने के इच्छुक हैं, उन्हें 25 सितंबर 2026 तक ई-मेल के माध्यम से अपनी सहमति/इच्छा LRDE को भेजनी होगी।ई-मेल पता: hrdlrde2010@gmail.com ई-मेल के Subject में निम्नलिखित लिखा होना अनिवार्य है:"Application for the post of JRF-ECE discipline"

**वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि: 08 अक्टूबर 2026**

**इंटरव्यू संबंधी दिशा-निर्देश:**

**1. स्थान**: इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना (LRDE), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO), रक्षा मंत्रालय, सी.वी. रमन नगर, बेंगलुरु - 560 093

**2. रिपोर्टिंग का समय:** प्रातः 08:30 बजे से 09:30 बजे तक LRDE मुख्य द्वार के रिसेप्शन पर रिपोर्ट करना होगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले उम्मीदवारों को वॉक-इन इंटरव्यू प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**3.** वॉक-इन इंटरव्यू के समय उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:

**(a)** योग्यता एवं अनुभव से संबंधित **मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेज**, सत्यापन के लिए। (**नोट:** यदि सभी सेमेस्टर की मूल मार्कशीट उपलब्ध हैं, तो **प्रोविजनल डिग्री प्रमाणपत्र** भी स्वीकार किया जाएगा।)

**(b)** निर्धारित प्रारूप के अनुसार विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, जिसके ऊपरी दाएँ कोने पर हाल ही में खींची गई **रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो** चिपकी हो। साथ ही मूल दस्तावेजों की **एक स्व-सत्यापित (Self-attested) प्रति** जमा करनी होगी।

यदि कोई दस्तावेज/प्रमाण-पत्र अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उसका **अंग्रेजी में विधिवत स्व-सत्यापित अनुवाद** संलग्न करना होगा।

**(c)** सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान-पत्र, जैसे: आधार कार्ड/पासपोर्ट/PAN कार्ड/वोटर ID आदि इनका **मूल दस्तावेज एवं एक फोटोकॉपी** साथ लाना अनिवार्य है।

**(d)** वर्तमान में सरकारी विभाग/स्वायत्त निकाय/PSU में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने नियोक्ता से प्राप्त **NOC (अनापत्ति प्रमाण-पत्र)** प्रस्तुत करना होगा।

**4.** दस्तावेज सत्यापन एवं चयन प्रक्रिया अपूर्ण आवेदन पत्रों को पात्रता की जाँच के दौरान अस्वीकार कर दिया जाएगा। मूल दस्तावेजों का सत्यापन प्रातः 09:00 बजे से किया जाएगा। इसके बाद आवश्यकता पड़ने पर लिखित परीक्षा और उसी दिन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के लिए पूरी तैयारी के साथ आने की सलाह दी जाती है।

**5**. LRDE परिसर के अंदर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

**सामान्य शर्तें :**

1. LRDE, बेंगलुरु को इस विज्ञापन में संशोधन/परिवर्तन करने, इसे रद्द करने तथा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए प्रवेश/चयन रद्द करने का अधिकार है।
2. फेलोशिप की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
3. चयनित उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के समय उसके पूर्ववृत्त (Antecedents) का पुनः सत्यापन किया जाएगा।
4. उपलब्ध रिक्तियों एवं भविष्य में संभावित रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों की मेरिट के क्रम के आधार पर एक पैनल तैयार किया जाएगा। यह पैनल एक वर्ष की अवधि तक प्रभावी रहेगा। हालाँकि, केवल पैनल में शामिल हो जाना उम्मीदवार को फेलोशिप प्राप्त करने का अधिकार नहीं देता। फेलोशिप की पेशकश वर्ष के दौरान रिक्तियों के उपलब्ध होने पर निर्भर करेगी। यदि उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं पाए जाते हैं, तो निदेशक, LRDE को किसी भी उम्मीदवार का चयन न करने का अधिकार है।
5. इंटरव्यू में शामिल होने या चयन के बाद कार्यभार ग्रहण करने के लिए किसी भी उम्मीदवार को TA/DA (यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता) का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. निदेशक, LRDE द्वारा गठित चयन समिति का उम्मीदवारों के चयन संबंधी निर्णय अंतिम एवं सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।
7. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि तथ्यों की गलत जानकारी देना, तथ्यों को छिपाना, दस्तावेजों में हेरफेर/जालसाजी या किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार/दुर्व्यवहार पाया जाता है, तो बिना किसी सूचना के उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह ध्यान दिया जाए कि फेलोशिप का प्रस्ताव DRDO में स्थायी नियुक्ति/समायोजन (Absorption) का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।

**संपर्क विवरण**: अन्य संबंधित जानकारी के लिए कार्य दिवसों में सोमवार से शुक्रवार, दोपहर 14:00 बजे से 16:00 बजे के बीच निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है:080-25025312/ 355

******

Photo

**Application Format**:

1. Name of the post & subject applied for :
2. Name (in block letters) :
3. Gender :
4. Date of Birth (DD/MM/YYYY) :
5. Age as on 01$^{st}$ Sep 2026 :
6. Nationality :
7. a) Father's name :
   b) Mother's name
8. If Married, Spouse name :
9. Qualification :

| Sl. No. | Qualification | Year of Passing | Discipline | Institute / University | Final % of Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| i. | **SSLC / 10$^{th}$** | | | | |
| ii. | **PUC / 12$^{th}$** | | | | |
| iii. | **BE / B Tech** | | | | |
| iv. | **ME / M Tech** | | | | |
| v. | **Any additional qualification** | | | | |

10. GATE Details:

| Sl. No. | Enrolment No. | Subject | Year of appearance | Score | Marks (out of 100) | Qualified (Yes/No) | Rank Validity |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i. | | | | | | | |
| ii. | | | | | | | |

11.Experience, if any :

12. Details of Appointments held:

| Sl. No. | Post held | Employer's name & address | Period | | Nature of Work | Salary drawn |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | | |
| i. | | | | | | |
| ii. | | | | | | |

13. Mobile / Telephone number :

14. E-Mail ID :

15. Permanent Address (with Pincode & State) :

16. Correspondence Address(with Pincode & State) :

17. Whether SC/ST/OBC/PwD :

**DECLARATION**

It is certified that the above information is true/correct to the best of my knowledge and nothing has been concealed / distorted. If any information found incorrect at any stage, then I will be liable for action taken by authority as per existing rules/law.

Signature of the Candidate

**NOTE:**

**Attach self-attested copies of the following documents:**

a. *Educational Qualification Certificates*
b. *Gate score card*
c. *Experience Certificates*
d. *Proof for Date of Birth*
e. *Address proof*
f. *Support document for CGPA to percentage conversion if applicable*
g. *Support document for category if applicable*
h. *Government issued Photo Identity Proof*